## खबर संक्षेप

### एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान के तहत बाल आयोग सदस्य ने किया पौधरोपण



**शहडोल।** मध्य प्रदेश बाल संरक्षण आयोग की सदस्य श्रीमती मेघा पवार ने ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान के अंतर्गत ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय, विचारपुर परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों और स्टाफ से भी अधिक से अधिक पौधारोपण करने की अपील की।

### मुख्यमंत्री सहायता मद से 1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से ग्राम लालपुर, बुढार वार्ड क्रमांक-3 निवासी कैलाश प्रसाद गुप्ता को उपचार हेतु 1 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। यह सहायता उनके उपचार हेतु त्वरित रूप से उपलब्ध कराई जाएगी।

### दस्त रोग से बचाव के लिए अपनाएं ये उपाय

**शहडोल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने बताया कि मानसून के दौरान दूषित जल एवं भोजन से दस्त रोग फैलने की आशंका अधिक होती है, जो विशेष रूप से बच्चों के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। उन्होंने कहा कि दस्त से शरीर का जलसंतुलन बिगड़ता है, जिससे बच्चों की मृत्यु भी हो सकती है। रोकथाम के लिए शुद्ध जल एवं ताजा भोजन का ही उपयोग करें। खाना खाने से पहले और शौच के बाद साबुन से हाथ अवश्य धोएं। मक्खियों से बचाव करें और खाद्य पदार्थ ढँककर रखें। दस्त होने की स्थिति में ORS घोल और जिंक की गोली का उपयोग डॉक्टर की सलाह अनुसार करें। खुले में शौच न करें और घर व आस-पास सफाई बनाए रखें।

### सुरक्षा जवानों की भर्ती हेतु विकासखंड स्तरीय शिविर आयोजित होंगे

**शहडोल।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह ने बताया कि एस.आई.एस. कंपनी सिंगरौली द्वारा सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजरों की भर्ती हेतु विकासखंड स्तरीय शिविर आयोजित किए जाएंगे।14 जुलाई को एनआरएलएम ब्लॉक कार्यालय, ब्यौहारी, 15 जुलाई ब्लॉक कार्यालय, जयसिंहनगर,16 जुलाई ब्लॉक कार्यालय, गोहपारू, 17 जुलाई ब्लॉक कार्यालय, सोहागपुर एवं 18 को जुलाई ब्लॉक कार्यालय, बुढार मे आयोजित किए जाएगें। सभी शिविर प्रातः 10:30 बजे से सायं 4:00 बजे तक आयोजित होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी हेतु भर्ती अधिकारी के मोबाइल नंबर 9131557489 पर संपर्क कर सकते हैं।

### 14 किलो ड्राई फ्रूट और अधिकारियों का जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम का मामला

# ब्लैंक बिल लेकर सचिव ने दुकानदारों से वापस भी ली थी राशि

ब्लैंक बिल लेकर सचिव ने दुकानदारों से वापस भी ली थी राशि



गोविंद किराना, ग्राम भर्री

ग्राम भदवाही में जल गंगा संवर्धन योजना के कार्यक्रम के दौरान 14 किलो ड्राई फ्रूट दो किलो घी और सैकड़ो समोसे और नमकीन के फर्जी बिलों के मामले के तूल पकड़ने के बाद अभी तक इस दिशा में कोई भी जांच या कार्यवाही जमीनी तौर पर जिला प्रशासन के द्वारा होती नजर नहीं आ रही है, वहीं इस मामले में हरिभूमि की पड़ताल के दौरान दुकानदारों ने खाली बिल सचिव को देने और राशि आने के बाद नगद वापस देने का खुलासा किया है।

**खुलासे के बाद अभी तक कलेक्टर ने नहीं की कोई जांच और कार्यवाही**

**शहडोल।** प्रदेश ही नहीं पूरे देश में शहडोल के अधिकारियों के द्वारा बीते 26 मई को जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के दौरान गोहपारू जनपद पंचायत की ग्राम भदवाही में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शामिल होने और उसमें 14 किलो ड्राई फ्रूट के खाने तथा 2 किलो घी,6 लीटर दूध में 5 किलो शक्कर सहित सैकड़ो समोसे, 30 किलो नमकीन और ऐसे ही हजारों की सामग्री कार्यक्रम में क्रय करने के आरोप लगाए गए थे, इस मामले में सोशल मीडिया में गोविंद गुप्ता किराना तथा लल्लू केवट कांट्रेक्टर का बिल जब सामने आया तो यह पूरा मामला प्रदेश भर की सुर्खी बन गया था, इस मामले में हरिभूमि के द्वारा की गई पड़ताल में यह तथ्य सामने आए की ग्राम पंचायत के सचिव ललन बैगा ने इन दोनों दुकानदारों से खाली बिल लिए थे और खुद ही अपने मन से सामग्री और राशि भरकर पंचायत के खाते से आहरण करवा दिया था, इस पूरे मामले में दोनों ही प्रतिष्ठानों के संचालकों ने खुलासा करते हुए पूरे ही मामले को यू टर्न पर लाकर खड़ा कर दिया है।

### यह कह रहे गोविंद गुप्ता

गोहपारु जनपद अंतर्गत ग्राम भर्री में किराने का कारोबार करने वाले गोविंद गुप्ता कहते हैं कि इस पूरे मामले की जानकारी और खासकर ड्राई फ्रूट का बिल लगने की सूचना उसे समाचार पत्र और मीडिया के माध्यम से ही लगी, उसने बताया कि कार्यक्रम के अगले दिन आकर ग्राम पंचायत के सचिव ललन बेगा ने खाली बिल उससे ले लिया था, क्योंकि ललन बैगा पंचायत तथा अपने घर में लगने वाला सामान उसी की दुकान से लेता था और पूर्व से ही इस तरह का सिस्टम ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहा था, खाली बिल देने के बाद जो भी राशि पंचायत के खाते से दुकानदारों के पास आती थी, बाद में हिसाब करके लेनदेन ठीक कर लिया जाता था, गोविंद गुप्ता ने इस पूरे मामले से किनारा करते हुए बताया कि उसने कभी भी 5 किलो काजू और 5 किलो बादाम पंचायत को नहीं दिए, अलबत्ता कभी कभी आधा किलो या 250 ग्राम जरूर लिया गया है, उसने यह भी बताया कि किराना सामग्री भी उसे ली गई थी और जिसका हिसाब उसने अपने रजिस्टर में रखा है, 19100 के बिल से पहले भी10000 का एक और बिल पंचायत सचिव द्वारा खाते में लगाकर किराना दुकान को राशि हस्तांतरित की गई थी, इस पूरे मामले के बाद सचिव ने 3500 रुपए नगद गोविंद गुप्ता के दुकान पर आकर ले लिए, जिसकी पुष्टि दुकानदार तथा उसके परिवार वालों ने भी की।

भवन निर्माण सामग्री वाले ने बेचे थे फल और घी ग्राम भर्री में ही भवन निर्माण सामग्री का विक्रय करने वाले लल्लू केवट ने हरिभूमि को चर्चा के दौरान बताया कि बीते माह उससे पंचायत के सचिव ने ईंटें क्रय की थी, जिसके पैसे उसने नगद दे दिए, कार्यक्रम के बाद उससे खाली बिल लिया था, जिसमें उसने 5200 की राशि उसके खाते में हस्तांतरित की थी, यह 5200 भी फोन पे के माध्यम से सचिव ने अपने भतीजे के अकाउंट में ले ली,लल्लू केवट ने बताया कि उसके खाली बिल में फल तथा घी आदि लिखकर पंचायत से भुगतान कराया गया था, जिसकी जानकारी उसे नहीं है, वह कभी ना तो फल का कारोबारी रहा है और न हीं कभी फल,घी अन्य किराना सामग्री ही बेची है, लल्लू केवट ने इस पूरे मामले में खुद को पाकसाफ बताते हुए कहा कि यह पूरा खेल ग्राम पंचायत के सचिव के द्वारा किया गया है।

**दुकानदारों का खुलासा, ड्राई फ्रूट,घी, फल नहीं खाली दिए थे बिल**

### अकेले सचिव नहीं सरपंच, जनपद भी जिम्मेदार

ग्राम पंचायत में कोई भी सामग्री क्रय करने तथा निर्माण कार्यों के बिलों के भुगतान के लिए पहले आवश्यकता का प्रारूप तैयार किया जाता है, उसके बाद कोटेशन आदि दुकानदारों से प्राप्त करने के उपरांत ही क्रय समिति इस पर अपनी सहमति जताती है, सामान आदि का उठाव हो जाने के बाद संबंधित फर्म से बिल आदि लिए जाते हैं, स्टॉक पंजी पर उनका सत्यापन होता है और फिर बिलों पर सरपंच और सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर होते हैं बाद में सामग्री का उपयोग हो जाने के बाद उपयोगिता प्रमाण पत्र आदि तैयार होता है, इसके बाद ही दोबारा सरपंच और सचिव के हस्ताक्षर होने के बाद इस कंप्यूटर में भुगतान के लिए भेजा जाता है, जहां डिजिटल साइन के माध्यम से सरपंच और सचिव दोनों ही इसे सत्यापित करते हैं, इस पूरे मामले में सरपंच सचिव के साथ ही गोविंद किराना वाले कारोबारी ने कूटरचना तथा धोखाधड़ी करते हुए शासकीय राशि का आहरण जा न बू झ क र किया, यही नहीं इस पूरे मामले की जानकारी जनपद में बैठे जिम्मेदारों को भी है, जो इन दोनों पर निगरानी करते हैं और भुगतान के समय अपनी सहमति भी देते हैं, बावजूद इसके जब तक यह मामला मीडिया में नहीं आया तब तक तो सब शांत बैठे थे बावजूद इसके अभी तक इस मामले में जमीनी तौर पर कोई भी जांच और कार्यवाही होती नजर नहीं आ रही है।





लल्लू केवट कंस्ट्रक्शन , हर्री



संचालक , गोविन्द किराना

### बाणसागर बांध के गेट खोले गए, सोन में छोड़ा 2500 क्यूमेक्स पानी

कार्यपालन यंत्री बाणसागर वी. के. ओझा ने जानकारी दी है कि बाणसागर बांध के कैचमेंट क्षेत्र में भारी वर्षा और बढ़ते जलस्तर को ध्यान में रखते हुए आज 12 जुलाई को रेडियल गेट खोले गए हैं। इससे स्पिलओवर के माध्यम से 2500 क्यूमेक्स जल सोन नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। मुख्य अभियंता, गंगा कछार जल संसाधन विभाग रीवा द्वारा जलस्तर में वृद्धि और जल आवक दर को देखते हुए रेडियल गेट खोलने के निर्देश जारी किए गए थे। आमजन को सलाह दी गई है कि वे नदी के आसपास सावधानी बरतें।

## आधार नामांकन की नई प्रक्रिया का ऑनलाइन प्रशिक्षण सम्पन्न



**शहडोल।** जिले के समस्त आधार सुपरवाइजर और ऑपरेटरों को ई-दक्ष केंद्र शहडोल में प्रशिक्षक श्री हरिकृष्ण सोनी द्वारा यूनिवर्सल क्लाइंट नामक नए सॉफ्टवेयर पर ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान ऑपरेटरों को बताया गया कि नई प्रणाली से आधार नामांकन की प्रक्रिया सरल और सटीक हो गई है। इसमें ऑपरेटर स्तर की त्रुटियाँ ऑनलाइन ही ठीक की जा सकती हैं। साथ ही एनआरआई और विदेशी नागरिक भी अब सीमित अवधि के लिए आधार बनवा सकेंगे। UIDAI द्वारा नामांकन कर्मियों, ऑपरेटरों और पर्यवेक्षकों को उपयोगी टूल्स की जानकारी दी गई। पूर्व में प्रयुक्त ECM प्रोग्राम के स्थान पर अब यूनिवर्सल क्लाइंट एप्लिकेशन का उपयोग किया जाएगा, जिससे कार्य अधिक सहज होगा। प्रशिक्षण में कर्मियों की समस्याओं और प्रश्नों का समाधान भी किया गया।

# जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से 50 करोड़ रुपये के प्रस्ताव आमंत्रित

**शहडोल।** जिला खनिज प्रतिष्ठान मद की बैठक कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में सम्पन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने की। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के अनुपात में उच्च प्राथमिकता वाले कार्यों के चिन्हांकन के निर्देश दिए गए हैं।




सांसद ने विशेष रूप से उन नगरीय निकायों में शव वाहन उपलब्ध कराने की बात कही, जहां अभी ये उपलब्ध नहीं हैं। इसके साथ ही भवनविहीन शालाओं के लिए अतिरिक्त कक्षों के निर्माण हेतु प्रस्ताव देने पर बल दिया गया। कलेक्टर एवं खनिज प्रतिष्ठान मद के सचिव डॉ. केदार सिंह ने बताया कि समिति से 50 करोड़ रुपये तक के कार्यों के प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। जिले की ग्रामीण आबादी 79% और शहरी आबादी 21% है। इसके आधार पर 39.5 करोड़ रुपये ग्रामीण क्षेत्रों के लिए और 10.5 करोड़ रुपये शहरी क्षेत्रों के लिए कार्यों पर व्यय किए जाएंगे।सभी जनप्रतिनिधियों और विभागों से गाइडलाइन अनुसार प्रस्ताव शीघ्र भेजने का आग्रह किया गया।



## मकान गिरने से पुजारी की मौत

शहडोल। देवलौंद थाना क्षेत्र के चौकी टोला बुढ़वा में एक दर्दनाक हादसे में शिव बाबा मंदिर के पुजारी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, लगातार हो रही बारिश के चलते रामधनी बैस ,पिता राम भरोसे का कच्चा मकान शुक्रवार रात अचानक गिर गया। मलबे में दबने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, रामधनी बैस शिव बाबा मंदिर में पुजारी के रूप में सेवा दे रहे थे और हादसे के समय वे घर पर अकेले सो रहे थे। बारिश की वजह से उनका पुराना कच्चा मकान कमजोर हो गया था, जो रात में भरभराकर गिर गया।सुबह जब ग्रामीणों ने मकान को ढहा हुआ देखा और पुजारी कहीं नजर नहीं आए, तो तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। देवलौंद पुलिस मौके पर पहुंची और मलबा हटवाया गया, जिसमें से पुजारी रामधनी का शव बरामद हुआ।पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है।

## पेट्रोल पंप से ट्रक चोरी कर जंगल में छिपाया, पुलिस ने कुछ ही घंटों में किया बरामद

**शहडोल।** जिले के बुढार थाना क्षेत्र में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां बीती रात एक चोर ने पेट्रोल पंप पर खड़े ट्रक को चुरा लिया। हालांकि पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के चलते ट्रक को कुछ ही घंटों में बरामद कर लिया गया और आरोपी को भी हिरासत में ले लिया गयाघटना की जानकारी तब सामने आई जब कॉलेज कॉलोनी निवासी बिजेंद्र सिंह ने बुढार थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनका ट्रक (MP 18 AH 5009) बघेल पेट्रोल पंप पर खड़ा था, जिसे रात के समय किसी अज्ञात चोर ने चुरा लिया। उन्होंने बताया कि ट्रक चालक ने रात में वाहन को वहीं पार्क किया था, लेकिन सुबह वह गायब मिला।मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी संजय जायसवाल ने तुरंत पुलिस टीम को जांच के निर्देश दिए। पुलिस ने पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें आरोपी को ट्रक को संजय नगर की ओर ले जाते हुए देखा गया। फुटेज के आधार पर पुलिस ने संभावित मार्ग की तलाश शुरू की और संजय नगर के जंगल में छुपा हुआ ट्रक बरामद कर लिया।पुलिस ने बताया कि चोरी में संलिप्त आरोपी की पहचान आलमगंज धनपुरी निवासी रूपेश बैगा के रूप में हुई है, जिसे मौके से गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि रूपेश पहले उसी ट्रक में क्लीनर के रूप में काम कर चुका है और उसे वाहन को स्टार्ट करने की पूरी जानकारी थी, जिसका फायदा उठाकर उसने चोरी की वारदात को अंजाम दिया।



## झुंड से भटक कर गोदावल रेंज पहुंचा जंगली हाथी आधा दर्जन से अधिक घरों में मचाई तोड़फोड़



**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी वन परिक्षेत्र के गोदावल रेंज में बीती रात एक जंगली हाथी ने भारी तांडव मचाया। हाथी ने झुंड से भटक कर गांव में प्रवेश किया और छह से अधिक घरों में जमकर तोड़फोड़ की। इस घटना से ग्रामीणों में दहशत और आक्रोश दोनों देखने को मिल रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग द्वारा हाथी की निगरानी तो की जा रही है, लेकिन राजस्व विभाग नुकसान का मुआवजा तय करने में देरी और लापरवाही बरत रहा है। ग्रामीणों की मांग है कि हाथी को जल्द रेस्क्यू कर बांधवगढ़ जंगल में वापस छोड़ा जाए।रेंजर गोदावल, रजनीश त्रिपाठी ने बताया कि गोदावल रेंज, बांधवगढ़ जंगल से सटा हुआ इलाका है, जहां अक्सर जंगली जानवरों की आवाजाही बनी रहती है। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर हाथी की निगरानी कर रही है और गांव में मुनादी कर ग्रामीणों को सतर्क रहने की हिदायत दी जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि राजस्व विभाग न सिर्फ मुआवजे में देरी करता है, बल्कि वास्तविक नुकसान की तुलना में कम राशि स्वीकृत करता है। इससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि हाथियों की आवाजाही पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएं और नुकसान का मुआवजा त्वरित व पारदर्शी तरीके से प्रदान किया जाए।

## खबर संक्षेप

### दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल से भगा देने का पत्नी ने पति पर लगाया आरोप

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** कोतमा थाना अंतर्गत वार्ड 7 बनिया टोला में रहने वाली 22 वर्षीय महिला को पति के द्वारा दहेज में 1 लाख नगद एवं मोटर साइकिल की मांग पूरी ना होने पर ससुराल से भगा देने का आरोप लगाया गया है। महिला अपनी मां के साथ थाना कोतमा पहुंच पति विजय नारायण निवासी घुम्माटोला थाना मरवाही सीजी के खिलाफ धारा 85,296, 351 (3) बीएनएस एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम का मामला दर्ज किया गया। घटना के बारे बताया जाता है विवाह 2020 में हुआ था। पिछले कई माहों से पति द्वारा दहेज कम लाने को लेकर मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता रहा। मायके से एक लाख नगदी एवं टू व्हीलर लेकर आने पर ही रहने मिलेगा कहकर भगा दिया गया। जिसके बाद मायके आकर घरवालों के साथ रिपोर्ट दर्ज कराई।

### सफाई मित्रों को किया गया रेनकोट का वितरण



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर पालिका परिषद कोतमा अन्तर्गत अपनी सेवाएं दे रहे सभी सफाई मित्रों मैदानी कर्मचारियों एवं जलप्रदाय कर्मचारियों को शुक्रवार को अध्यक्ष अजय सराफ उपाध्यक्ष श्रीमती वैशाली बद्री ताम्रकार सीएमओ प्रदीप झारिया एवं पार्षदों की मौजूदगी में रेनकोट बरसाती का वितरण किया। गौरतलब है कि नगरपालिका परिषद कोतमा में एक सैकड़ा से अधिक सफाई मित्र है जो ठंड, बरसात और गर्मी तीनों मौसम में बिना अपनी कोई परवाह किए नगर को स्वच्छ बनाने में जुटे रहते हैं।

### विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल का वितरण

**सिलौड़ी।** शासन के निःशुल्क साइकिल प्रधान योजना अंतर्गत सत्र 2025-26 के साइकिलों के वितरण गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में किया जाना था जिसके अंतर्गत विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढीमरखेड़ा में जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता संतोष दुबे की उपस्थिति में विद्यालय में पत्र 23 छात्र-छात्राओं को निशुल्क साइकिल प्रदान की गई। इस मौके पर अध्यक्ष द्वारा छात्रों को तिलक लगाकर उन्हें साइकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी लखन लाल बागरी एवं बीआरसी प्रेम कुमार कोरी, मॉडल स्कूल के प्राचार्य राम विशाल सिंह एवं शिक्षकगण व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### जिले में अब तक 470.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से शुक्रवार 11 जुलाई तक कुल 470.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल स्लीमनाबाद तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 623.8 मिलीमीटर वर्षा हुई है।

---

के के वेयरहाउस के संचालक ने कांटे में गड़बड़ी कर किया कई टन धान चोरी

# जुर्माना लगाकर करोड़ों के घोटाले पर डाला पर्दा : भोपाल पहुंचा उमरिया का मामला

बीते साल अप्रैल माह में उमरिया मुख्यालय के समीप ग्राम भरौला में के के वेयर हाउस कारपोरेशन के द्वारा कांटे में गड़बड़ी कर धान व अन्य खाद्य पदार्थों के नापतोल में की गई गड़बड़ी के मामले में विभाग ने शिकायत के बाद छापा तो मारा, लेकिन संचालकों से मिलकर करोड़ों के घोटाले को महज कुछ हजार रुपए का जुर्माना लगा दिया, इस मामले की शिकायत एक बार फिर विधिक माप विज्ञान नियंत्रक भोपाल को की गई है।




**उमरिया।** जिले के भरौला में स्थित के के वेयर हाउस कारपोरेशन के संचालकों के द्वारा कांटे में गड़बड़ी करके हजारों टन अनाज इधर से उधर करने के आरोप लगे है, इस मामले में वेयरहाउस के संचालकों ने करोड़ों का गोलमाल किया इस मामले की शिकायत बीते वर्ष की गई थी, जिसके बाद में छापा मारा गया और शिकायत को सही भी पाया गया था, बाद में यह मामला जांच के नाम पर उलझा दिया गया, इस पूरे मामले में शिकायतकर्ता का कहना है कि नापतोल विभाग के अधिकारियों ने वेयरहाउस के संचालक कृष्ण कुमार गुप्ता से साथ मिलकर अपनी जेब में तो भर ली लेकिन करोड़ों रुपए का जो नुकसान शासन का हुआ है और जांच के बाद जो राशि जुर्माने के रूप में शासन के खाते में जानी थी, वह पूरा मामला जुगाड़ के फेर में उलझा दिया गया, बहरहाल इस मामले में एक बार फिर शिकायतकर्ता कुसुमात्मक गढ़वाल ने नापतोल विभाग के भोपाल कार्यालय के नियंत्रक को शिकायत करते हुए जिले में कार्यरत अधिकारियों पर घूसखोरी कर मामले को दबाने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है।

### यह लिखा शिकायत में

भोपाल में दी गई शिकायत में यह आरोप लगाए गए हैं कि 23 अप्रैल 2024 को के के वेयरहाउस कॉरपोरेशन के गोदाम पर छापा मारा गया था, NH 43 पर ग्राम भरौला ,तहसील बांधवगढ़ का निरीक्षण शिकायत के उपरांत किया गया था, जिसमें नापतोल विभाग के द्वारा वेयरहाउस कॉरपोरेशन ग्राम भरौला तहसील बांधवगढ़ को मध्य प्रदेश विधिक माप विज्ञान विभाग विधिक मनोविज्ञान अधिनियम 2009 के तहत पुस्तक क्रमांक 231 तथा अनुक्रमांक 18 23 अप्रैल 2024 को दोपहर लगभग 12:55 बजे पर की गई, कार्यवाही में मेमू जब्त किया गया था, जब्त मेमो में निरीक्षक नापतोल विभाग जिला उमरिया के द्वारा कारण बताओं नोटिस जारी कर संचालक से इस मामले में जवाब मांगा गया था, इसके उपरांत विधिक माप विज्ञान अधिनियम 2009 से तहत प्रथम दृष्ट्या उल्लंघन पाया गया और इस मामले में सामग्री रिकॉर्ड एवं रजिस्टर जप्त किया गया था।

### गड़बड़ी तो मानी पर दंड नहीं मिला

इस पूरे मामले में शिकायतकर्ता का कहना है की



जांच के दौरान गड़बड़ी पाई गई थी, यही कारण है कि जप्त किए गए रजिस्टर और अन्य दस्तावेजों में इसका उल्लेख भी किया गया, लेकिन बाद में यह मामला ठंडा हो गया, हालत यह है की जांच अधिकारी अब खुद ही कटघरे में खड़े नजर आ रहे हैं,शिकायतकर्ता ने कहा कि आज दिनांक तक संबंधित फर्म के विरुद्ध कोई कानूनी अथवा वैधानिक कार्यवाही नहीं की गई, उनके खिलाफ पूरे मामले को जांच में उलझा कर फायदा पहुंचाने का प्रयास नापतोल विभाग के अधिकारियों के द्वारा किया गया है, जबकि यह कई करोड़ की अनियमितता का मामला था, इस पूरे मामले में उन्होंने गोदाम के संचालक कृष्ण कुमार गुप्ता के साथ नापतौल विभाग के अधिकारियों के द्वारा मिलीभगत कर खुद का जुगाड़ बनाने और शासन को क्षति पहुंचाने के भी आरोप लगाए हैं।

### यह है पूरा मामला

के के वेयर हाऊस भरौला में नापतौल विभाग ने बीते साल 23 अप्रैल को छापे की कार्रवाई की। गोदाम के कांटे में एक प्लेटफार्म होने के बावजूद दो इंडिकेटर डिवावाइस लगे पाए गए हैं जो कि नियम के विरूद्ध हैं। इस बारे में जानकारी देते हुए जिला नापतौल अधिकारी अर्पित जैन ने बताया था कि कांटे में दो डिवाइस का उपयोग गैरकानूनी है जिसकी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि एक डिवाइस में सील लगी हुई थी जबकि दूसरी का सत्यापन ही नहीं कराया गया था। उन्होंने यह भी बताया कि जांच की यह कार्रवाई मिलरों की शिकायत के बाद की गई थी। केके वेयर हाऊस के संचालक कृष्ण कुमार गुप्ता पिता लालजी गुप्ता को नोटिस जारी किया गया।

### नापतौल में था गड़बड़ी का आरोप

बताया गया है कि मिलरों ने यह आरोप लगाया है कि कांटा में गड़बड़ी करके नापतौल में गड़बड़ी की जा रही थी। मिलरों को धान देते समय अलग डिवाइस का उपयोग किया जाता था जिससे कम धान भी ज्यादा दिखाई देती थी जबकि चावल लेते समय दूसरी डिवाइस का उपयोग किया जाता था जिससे चावल शॉर्ट हो जाता था। इससे मिलरों को खासा नुकसान हो रहा था। यही कारण है कि जिले के मिलरों ने इस मामले की कलेक्टर से शिकायत की थी जिसके बाद यह कार्रवाई की गई थी।

---

### परिक्षेत्र सहायकों को नई मोटरसाइकिलों का वितरण, वन्य प्राणियों की निगरानी होगी और बेहतर



**उमरिया।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में पूर्व में उपयोग की जा रही मोटरसाइकिलें काफी पुरानी हो चुकी थीं और बार-बार खराब हो रही थीं, जिससे वन विभाग के कर्मचारियों को निगरानी व सुरक्षा कार्यों में कठिनाई हो रही थी। इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने कर्मचारियों की सुविधा के लिए 15 नई मोटरसाइकिलें वितरित की हैं।इन मोटरसाइकिलों का वितरण बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक एवं उप संचालक द्वारा किया गया। ये वाहन बरबसपुर, धीरखोह, रायपुर, मानपुर, कुचवाही, बिजौरी, समरकोईनी, खिचकिड़ी, कठई, पनपथा, पथरहटा, बरही, खितौली, कल्लवाह और ताला के परिक्षेत्र सहायकों को प्रदान किए गए हैं।

### एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत ग्राम सिगुड़ी में हीमोग्लोबिन जांच

**उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वी.एस. चंदेल ने जानकारी दी कि एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विकासखंड मानपुर के ग्राम सिगुड़ी में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत किशोर-किशोरियों की हीमोग्लोबिन जांच की गई। यह जांच एएनएम शशि पटेल द्वारा सपोर्टिव सुपरविजन के अंतर्गत की गई।कार्यक्रम में ग्राम के कुल 26 किशोर और किशोरियों की हीमोग्लोबिन जांच की गई, जिनमें से दो किशोर-किशोरियों में हीमोग्लोबिन की कमी पाई गई। उन्हें *आयरन फोलिक एसिड (IFC)* की दवा वितरित की गई, साथ ही संतुलित पोषण आहार के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया।इस गतिविधि में प्रशिक्षक हर्ष कुमार पाण्डेय, पूजा पाण्डेय, ग्राम की आशा कार्यकर्ता रेखा पटेल और साथिया टीम के सदस्य उपस्थित रहे। ग्राम के किशोर-किशोरियों ने भी सक्रिय रूप से भाग लेकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता दिखाई।




### निकासी की व्यवस्था नहीं होने से घरों में घुस रहा गंदा पानी



सिलौंडी के वार्ड नंबर 6 में पानी की निकासी की व्यवस्था नही होने के कारण एक दर्जन परिवारों को बहुत दिक्कत हो रही है उनके घरों में नाली का गंदा भर रहा है पूरी सड़क में ही गंदा पानी भर रहा है जिसके कारण आम्हेटा जाने वाले किसानों और राहगीरों को बहुत बहुत परेशानी हो रही है । नत्थू काछी ,प्रह्लाद काछी ,मदन काछी,रविद्र काछी ने बताया कि ग्राम पंचायत सिलौंडी को अनेक बार शिकायत बताइए परंतु अभी तक ग्राम पंचायत ने कोई भी जवाब नही किया। जब तक पूरी तरह का मालवा को अलग नही किया जाता है पानी निकासी की व्यवस्था नही बन सकती है । इस संबंध में सिलौड़ी सचिव देवराज धनगर का कहना है कि मेरी अभी अभी ग्राम पंचायत सिलौंडी में नियुक्ति हुई है। यदि नाली में सफाई नही हुई तो तुरंत सफाई कर्मचारी को भेजकर सफाई करते हुए पानी निकासी की व्यवस्था बनता हूं।

### न्यायालय ने सुनाया फैसला, अर्थदंड से भी किया गया दंडित

# महिला की हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास की सुनाई गई सजा

हरिभूमि न्यूज कटनी

न्यायालय चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कटनी द्वारा बरही क्षेत्र में हुई महिला की हत्या के मामले में आरोपी भैय्यालाल उर्फ नीरज को धारा 302 भादवि में आजीयन कारावास एवं 1000/- रुपये के अर्थदण्ड एवं धारा 201 भादवि में 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500/-रु. के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। प्रकरण में पैरवी विशेष लोक अभियोजक / सहायक निदेशक अभियोजन रामनरेश गिरि द्वारा की गई। मीडिया सेल प्रभारी सुरेन्द्र कुमार गर्ग द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि दिनांक 07.12.2021 झांड़ियों के बीच में एक महिला की लाश पड़ी होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मौका मुआयना करने के बाद मर्ग कायम कर निरीक्षक संदीप अयाची के द्वारा आरक्षी केंद्र बरही के अपराध क्र. 765/21 अंतर्गत धारा 302, 201 भादवि की कायमी अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध की गई। अनुसंधान के दौरान निरीक्षक संदीप अयाची के द्वारा अजात मृतिका की फोटो दिखाकर लोगों से पूछताछ की गई तथा मृतिका की फोटो सतना, पन्ना, शहडोल, उमरिया प्रेषित कराई गई। विवेचना दौरान दिनांक 10.12.2021 को मृतिका के पास से मिले सामान की पहचान पर मृतिका के पिता द्वारा मृतिका सीमा पाल के शव की शिनाख्त कार्यवाही की गई। अनुसंधान के दौरान महत्वपूर्ण साक्षियों के कथन उनके बताए अनुसार लेखबद्ध किए गए। दिनांक 11.12.2021 को भइयालाल पाल द्वारा पुलिस अभिरक्षा में साक्षीगण की उपस्थिति पर मेमोरेण्डम लेखयद्ध किया गया। अभियुक्त भैय्यालाल उर्फ नीरज पाल के द्वारा स्वयं के घर से मोबाइल, घटना के समय पहनी हुई केसरिया रंग की शर्ट आदि निकालकर दिये गये जिसे पुलिस द्वारा साक्षीगण की उपस्थिति में जप्त कर जप्ती पत्रक तैयार किया गया। अभियुक्त भैय्यालाल पाल को साक्षीगण की उपस्थिति में गिरफ्तार किया गया। अनुसंधान उपरांत अभियोग पत्र सक्षम न्यायालय के समक्ष भादवि की धारा 302, 201 के अंतर्गत अभियुक्त भैय्यालाल के विरुद्ध प्रस्तुत किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में प्रकरण में शीघ्र से शीघ्र डीएनए की कार्यवाही कर डीएनए रिपोर्ट न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में विधारण के दौरान विशेष लोक अभियोजक द्वारा न्यायालय के समक्ष समस्त सारवान साक्षी, दस्तावेज एवं वैज्ञानिक साक्ष्य प्रस्तुत कर आरोपी के विरुद्ध आरोप प्रमाणित कराया गया। विशेष लोक अभियोजक के तर्कों से सहमत होते हुये प्रकरण में आये साक्ष्य का सूक्ष्मता से मनन एवं विश्लेषण कर समय रूप से न्यायालय के पीठासीन अधिकारी द्वारा आरोपी को दोष सिद्ध किया जाकर विधिक एवं उपर्युक्त पीडित पक्ष को न्यायदान प्रदान करने में अहम योगदान कर प्रकरण में निर्णय पारित करते हुये सजा सुनाई गई।

# नगर परिषद राजनगर में कर्मचारियों को वितरित किए गए रेनकोट, मानसून में मिलेगा सुरक्षा का साथ



हरिभूमि न्यूज राजनगर। नगर परिषद (बनगवां) राजनगर द्वारा मानसून सत्र को ध्यान में रखते हुए। अपने कर्मचारियों के लिए एक सराहनीय पहल की गई है। परिषद प्रशासन ने प्लंबर, सफाईकर्मी एवं बिजली विभाग से जुड़े कर्मचारियों को रेनकोट वितरित किए, ताकि वे बरसात के दिनों में भी सुरक्षित रूप से अपने कार्यों का निर्वहन कर सकें। बारिश के मौसम में अक्सर कर्मचारियों को कार्य करते समय असुविधा का सामना करना पड़ता है, ऐसे में यह वितरण कर्मचारियों की सुविधा एवं स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत लाभकारी साबित होगा। नगर परिषद अध्यक्ष की पहल पर यह कदम उठाया गया है। इससे पहले भी परिषद प्रशासन द्वारा अपने कर्मचारियों के लिए कई आवश्यक उपकरण वितरित किए जा चुके हैं। बिजली विभाग के कर्मचारियों को कार्यस्थल पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से सेफ्टी बेल्ट, गमबूट और हैंड ग्लव्स प्रदान किए गए थे। वहीं, नालियों की सफाई करने वाले सफाई कर्मियों को विशेष प्रकार की गमबूट एवं उच्च गुणवत्ता वाले हैंड ग्लव्स पहले ही दिए जा चुके हैं, जिससे वे संक्रमण और चोटों से सुरक्षित रह सकें। रेनकोट वितरण के इस अवसर पर कर्मचारियों ने नगर परिषद राजनगर अध्यक्ष यशवंत सिंह एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी राममिलन तिवारी व जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। कर्मचारियों ने कहा कि प्रशासन द्वारा दी जा रही सुविधाएं न केवल उनकी सुरक्षा सुनिश्चित कर रही हैं, बल्कि इससे उन्हें सम्मान और आत्मविश्वास की अनुभूति भी हो रही है। परिषद की यह पहल अन्य शहरी निकायों के लिए भी एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करती है। नगर परिषद बनगवां राजनगर के अध्यक्ष यशवंत सिंह, उपाध्यक्ष धनंजय सिंह मुख्य नगर पालिका अधिकारी राममिलन तिवारी, वार्ड नंबर 12 के पार्षद समय लाल पटेल, वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद गिरजा विश्वकर्मा, वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद मनोज चंदेल, वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद पति बृजेश कुशवाहा सहित सभी सफाई कर्मचारी प्लंबर की टीम व बिजली विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# स्मार्टफोन खरीदने के लिए कोल इंडिया के अधिकारियों को मिलेंगे 30 से 60 हजार रुपये

**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** कोल इंडिया के अधिकारियों के लिए खुशखबरी है। कंपनी अधिकारियों को स्मार्टफोन खरीदने के लिए 30 से 60 हजार रुपये तक देगी। 30 अक्तूबर 2024 को कोल इंडिया बोर्ड की 472 वीं बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में भुगतान का आदेश जारी हुआ है। एसईसीएल, बीसीसीएल, एनसीएल, इसीएल व सीसीएल के अलावा अन्य अनुषंगी कंपनियों में कार्यरत करीब 15 हजार से अधिक अधिकारी लाभान्वित होंगे। अधिकारियों को उनके ग्रेड के अनुसार स्मार्टफोन के लिए पैसे का भुगतान होगा। इ -9 ग्रेड यानी कार्यकारी निदेशक स्तर के अधिकारियों को 60 हजार रुपये मिलेंगे।इ-7 व इ-8 ग्रेड यानी जीएम व चीफ मैनेजर स्तर के अधिकारियों को 50 हजार रुपये, इ-4 से इ-ग्रेड यानी डिप्टी मैनेजर, मैनेजर व सीनियर मैनेजर स्तर के अधिकारियों को 40 हजार रुपये और इ-3 ग्रेड के अधिकारियों को 30 हजार रुपये का भुगतान होगा। स्मार्टफोन योजना की मांग अधिकारी लंबे समय से कर रहे थे। खासकर, जब अन्य महारत्न पीएसयू में यह योजना लागू की गयी थी। बता दें कि पहले यह योजना कोल इंडिया के स्थापना दिवस (1 नवंबर 2024) पर लागू होने की उम्मीद थी, लेकिन यूनियनों के विरोध के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। आठ माह बाद इस योजना को लागू करने का आदेश जारी किया गया है। कोल इंडिया के इस निर्णय से कोयला अधिकारियों में हर्ष है। कोल इंडिया के अधिकारियों की लंबित मांग पूरी हुई है।

## खबर संक्षेप



### बिजहा दुर्गा मंदिर में देवी भागवत कथा का आयोजन

**शहडोल।** बिजहा दुर्गा मंदिर में देवी भागवत कथा का आयोजन श्रवण मास के अवसर पर किया जा रहा है जिसका श्रवण करने ग्राम वासी मंदिर प्रांगण पहुंचकर लाभ अर्जित कर रहे हैं।जिले के जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत बिजहा बस स्टैंड के सामने दुर्गा मंदिर में देवी भागवत की कथा को आचार्य गुरु डॉ प्रशांत सागर उर्मिलिया महराज के मुखारबिंद से समस्त क्षेत्रवासी कथा का रसास्वादन कराया जा रहा है और इन दिनों भगवान भोलेनाथ की अपार कृपा बरस रही है। देवी भागवत कथा दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक किया जा रहा है।19 जूलाई को भागवत के समापन को भंडारे दिन शनिवार को होगा।

### सड़क पर बने जानलेवा गड्ढे हादसे को दे रहा न्यौता

**ढीमरखेड़ा।** ढीमरखेड़ा से उमरियापान मार्ग पर खिरवा पोंड़ी और ढीमरखेड़ा से खमतरा मार्ग पर झिंना पिपरिया गांव के पहले में मुख्य मार्ग पर गड्ढा होने से राहगीरों को परेशानी हो रही है। मुख्य सड़क पर दोनों स्थानों पर जानलेवा गहरा गड्ढा होने से कभी भी कोई हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने सड़क पर गड्ढा होने की जानकारी अधिकारियों को दी। सीएम हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत भी दर्ज कराई, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने रुचि नहीं ली। सड़क पर बने ये गड्ढे गहरे है।यह मार्ग दिन रात चलता हैं।बारिश के चलते गड्ढे दिखते नहीं है,ऐसे में ग्रामीणों को आवागमन में खतरा बना रहता है। गड्ढों के कारण मोटरसाइकिल और चार पहिया वाहन चालकों को ज्यादा दिक्कत होती है।सुधार न होने से गड्ढों का आकार बढ़ता जा रहा है।

### 5.25 करोड़ से बनेगा नया पंचायत भवन

**ढीमरखेड़ा।** ढीमरखेड़ा में जनपद पंचायत के लिए नया भवन बनेगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल ने भवन निर्माण के लिए 5 करोड़ 25 लाख 67 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी है। बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के प्रयासों से यह स्वीकृति मिली है। जनपद पंचायत के नए भवन में आधुनिक तकनीकी सुविधाएं होंगी। इससे सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन आसान होगा। पंचायत की कार्यप्रणाली पारदर्शी और प्रभावी बनेगी। अभी पुराने जनपद भवन की हालत खराब है।खण्डहर में तब्दील भवन के विभिन्न कमरों में पानी टपकता है।लोगों को समस्या का सामना करना पड़ता है।अभी शिक्षा विभाग की बिल्डिंग में जनपद पंचायत चल रही है। नया भवन बनने के बाद अधिकारी-कर्मचारियों के बैठने की बेहतर व्यवस्था के साथ ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले हजारों लोगों उसका फायदा मिलेगा। जनपद पंचायत भवन निर्माण के लिए 2 एकड़ भूमि अनिवार्य है। इसके लिए जमीन चिन्हित की जा रही है। विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि नया भवन शासन-प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और जनता के बीच बेहतर संवाद का माध्यम बनेगा। इससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

### शिक्षकों की आज निकलेगी रैली

**कटनी।** अध्यापक शिक्षक संवर्ग के द्वारा 13 जुलाई को शिक्षकों के सम्मान मे शिक्षक स्वाभिमान रैली निकलेगा। जिलाध्यक्ष सुशील दुबे ने बताया कि आजाद अध्यापक शिक्षक संघ प्रांतीय आव्हान पर प्रदेश के सभी जिलों मे शिक्षक स्वाभिमान रैली निकाली जाएगी। कटनी जिला में भी ई -अटेडेंस के विरोध मे एवं अध्यापक शिक्षक संवर्ग को नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि गणना के साथ पेंशन केंद्रीय कर्मचारियों के बराबर को लेकर शिक्षक स्वाभिमान रैली निकाली जाएगी। सभी शिक्षकों से इस रैली मे पहुंचने की अपील की है।

# ऐसे आयोजन से नए अवसर और छात्रों के व्यक्तित्व विकास को बल मिलता है

## विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस पर भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह एवं नगर कार्यकारिणी का गठन





अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करना रहा समारोह का शुभारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती और युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया।

**बुढार।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय नेहरू डिग्री महाविद्यालय, प्राचार्या प्रोफेसर गंगा मिश्रा और विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ अध्यापक डॉ.अनिल उपाध्याय उपस्थित रहे। समारोह से पूर्व बुढार-धनपुरी नगर इकाई की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें टीकम सिंह नायक को नगर अध्यक्ष और ओम सेन को नगर मंत्री नियुक्त किया गया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर गंगा मिश्रा ने एबीवीपी के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों को नए अवसर और गतिविधियों से जोड़ते हैं, जिससे उनके व्यक्तित्व विकास को बल मिलता है। विशिष्ट अतिथि डॉ. अनिल उपाध्याय, जो 40 वर्षों से महाविद्यालय से जुड़े हैं, ने परिषद के कार्यों को सराहनीय बताते हुए भविष्य में और विविध आयोजनों को करने की सलाह दी।कार्यक्रम की मुख्य कड़ी में विभिन्न विद्यालयों के मेधावी छात्रों को 10वीं और 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान किए गए। इसमें बाल विकास शिक्षण केंद्र,सरस्वती शिशु मंदिर, ग्रीनवेल्स पब्लिक स्कूल, कन्या माध्यमिक विद्यालय, ज्ञान निकेतन, कप्तान स्कूल और कर्कटी स्कूल के छात्र शामिल थे।समिति का गठन नगर कार्यकारिणी में नगर अध्यक्ष टीकम सिंह और नगर मंत्री ओम सेन के साथ नगर उपाध्यक्ष डॉ. निपेंद्र सिंह करचूली, डॉ. शशि मोहन सेन, डॉ.कमलेश प्रजापति और रितेश जैन नियुक्त हुए। नगर सहमंत्री के रूप में नवदीप पनिका, अनुराग गुप्ता, अतुल मिश्रा, निधि भीमगे और प्रियंका मिश्रा को चुना गया। इसके अलावा, नगर एस एफ डी प्रमुख शालिनी शर्मा (सह प्रमुख अंकित साहू),एस एफ एस प्रमुख गोपी नामदेव (सह प्रमुख खुशी कोल), राष्ट्रीय कलामंच प्रमुख गरिमा त्रिपाठी (सह प्रमुख पवन लखेर), खेलो भारत संजना नामदेव (सह प्रमुख ऋषि यादव), एनसीसी प्रमुख निश्चय साहू (सह प्रमुख आयुष सेन), एन एस एस प्रमुख पीयूष पांडे (सह प्रमुख आकांक्षा सेन), स्टडी सर्कल प्रमुख आंशिक चौबे (सह प्रमुख दिकांक्षा यादव), नगर विद्यालय प्रमुख योग्यता वर्मन, और हॉस्टल प्रमुख शिवम (सह प्रमुख भूमिका) को जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यकारिणी सदस्यों में ऋतुराज द्विवेदी, आदर्श, आर्यन, राजीव, विवेक, अभिनव, नेहा, साधना, साक्षी, शिवा,आरती और अंकित शामिल हैं। कार्यक्रम में जिला प्रमुख डॉ.बी.एन. उपाध्याय, विभाग संयोजक अखिलेश सिंह, विभाग छात्रा प्रमुख अंजलि पांडे, महाविद्यालय परिवार और छात्रों के अभिभावक भी मौजूद रहे। विद्यार्थी परिषद के प्रयासों को एक नई ऊंचाई पर ले जाने का संकल्प लिया।

## घर के सामने से बाइक चोरी, एक माह बाद भी सुराग नहीं

### कबाड़ व्यापारियों पर संदेह, पुलिस पर मिलीभगत के आरोप



**धनपुरी।**

नगर के रजा मोहल्ला में बाइक चोरी की एक वारदात ने स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना को हुए एक महीना बीत चुका है, लेकिन पुलिस अब तक न तो चोरी गई बाइक का पता लगा पाई है और न ही किसी संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है।जानकारी के अनुसार, नंबर 4 रजा मोहल्ला निवासी आनंद कुमार शुक्ला (50), पिता जय नारायण शुक्ला, 22 जून को दोपहर लगभग 2 बजे इमामबाड़ा स्थित दूध डेयरी से लौटे थे। घर से महज 200 मीटर की दूरी तय कर वे जैसे ही अपने निवास पर पहुंचे, बाइक को बाहर खड़ा कर भीतर खाना खाने चले गए। मात्र कुछ मिनटों बाद जब वे बाहर निकले, तो उनकी होंडा साइन (क्र. MP18-MG-3255) बाइक वहां से गायब थी।बाइक चोरी की सूचना मिलने पर आनंद कुमार ने पहले आसपास और मोहल्ले में गहन खोजबीन की, लेकिन बाइक का कोई अता-पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने धनपुरी थाने में शिकायत दर्ज कराई, परंतु आज तक पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।स्थानीय कबाड़ी गिरोहों पर शक की सुईइलाके के लोगों का आरोप है कि रजा मोहल्ला और उसके आसपास के क्षेत्रों में कई वर्षों से अवैध रूप से कबाड़ का कारोबार चल रहा है। यह भी संदेह जताया जा रहा है कि चोरी गई बाइक को इन ही कबाड़ियों द्वारा कटवाकर अवैध तरीके से बेच दिया गया होगा। स्थानीय नागरिकों ने यह भी दावा किया है कि इन गिरोहों की पुलिस से साठगांठ है, जिसकी वजह से कई वाहन चोरी के मामलों का आज तक खुलासा नहीं हो पाया है।प्रशासन से सख्त कार्रवाई की माँगपीड़ित आनंद शुक्ला का कहना है कि बाइक उनके रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़ी थी, और इस घटना से उन्हें आर्थिक व मानसिक दोनों तरह की क्षति हुई है। उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि चोरी के मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को बेनकाब किया जाए और क्षेत्र में सक्रिय अवैध कबाड़ व्यापार पर लगाम कसी जाए।

### चौबीस घंटे में पुलिस ने ट्रक चोर को लिया हिरासत में

## 20 लाख की चोरी का पुलिस ने किया खुलासा





**बुढार।**

नेशनल मार्ग पर बीते रात अज्ञात चोर ने बघेल ढाबा में खड़े ट्रक को चोरी कर मौके से फरार हो गया था जिसकी सूचना पुलिस को मिलने के बाद पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से चोर के हुलिया अनुसार पतासाजी कर चोर को हिरासत में लेने की सफलता अर्जित की है। इस संबंध में एएसआई गिरीश शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि कालेज कालोनी निवासी विजेंद्र सिंह की रिपोर्ट पर थाना बुढ़ार में अपराध क्रमांक 436 / 25 कायम कर दौरान विवेचना चोरी गया ट्रक को आरोपी रूपेश वैग पिता लक्ष्मण बैग निवासी आलमगंज खोली थाना अमलाई से जप्त कर न्यायालय में पेश किया जहां उसे जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी संजय जायसवाल के निर्देशन मे गिरीश शुक्ला राजा भैया बागरी लोकेश शुक्ला अमर बागरी की विशेष भूमिका रही।

### सावन उत्सव पर विशेष झूले, हरियाली और सांस्कृतिक रंगों में सराबोर हुआ

## लीनेस क्लब बुढार का हरियाली तीज महोत्सव





**धनपुरी।**

हरियाली की चादर ओढ़े सावन का महीना खुशियाँ, मेलजोल और लोक संस्कृति का प्रतीक बनकर आता है। इसी उल्लास को जीवंत करती हुई लीनेस क्लब बुढार ने हरियाली तीज का भव्य आयोजन किया, जो नारी सशक्तिकरण, पारंपरिक सांस्कृतिक धरोहर और पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर आया।हरियाली तीज के इस उल्लासपूर्ण आयोजन में क्लब की सभी बहनें पारंपरिक हरे रंग के परिधानों में सज-धजकर सम्मिलित हुईं। पूरा कार्यक्रम सांस्कृतिक विविधताओं और उत्साह से भरपूर रहा। महिलाओं ने मिलकर झूलों का आनंद लिया, लोकगीतों पर थिरकीं और सावन के गीतों से वातावरण को संगीतमय बना दिया।कार्यक्रम की शुरुआत से ही उल्लास चरम पर था। ₹सेमा हाउजी₹ और अन्य आकर्षक गेम्स ने प्रतिभागियों को खूब लुभाया। वहीं कजरी गीतों ने सावन की मिठास को और गहरा बना दिया। तीज के पारंपरिक गीतों और नृत्यों ने उपस्थित सभी लोगों को भाव-विभोर कर दिया। क्लब अध्यक्ष मोनिका अग्रवाल ने सभी को सावन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और प्रकृति की रक्षा के लिए सभी से वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि "हरियाली तीज केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि हमारी परंपरा, प्रेम और पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है।"इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष श्रीमती शैला गुप्ता को ₹सावन सुंदरी₹ की उपाधि से नवाजा गया। उनके पारंपरिक परिधान, सौंदर्य और सहभागिता को देखकर सभी ने तालियों से स्वागत किया। विजेताओं को स्मृति चिन्ह व उपहार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के समापन पर स्वादिष्ट पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को हरियाली तीज की शुभकामनाएं दीं और सावन की खूबसूरत यादें संजोईं।इस रंगारंग कार्यक्रम में मोनिका अग्रवाल, शैला गुप्ता, स्नेह लता गुप्ता, प्रतिमा जैन, साधना अग्रवाल, आरती खनूजा, आरती खंडेलवाल, ज्योति सिंह बघेल, अर्चना ओझा, नागमणि मानिकपुरी, अंजू दुआ और बिंदा भगत सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहीं।



## अमलाई में आवास योजना 2.0 के तहत 133 परिवारों को मिला घर का लाभ

**अमलाई।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत नगर परिषद बरगवां-अमलाई में 133 जरूरतमंद परिवारों को योजना का लाभ मिला है। योजना के पहले चरण में ही यह स्वीकृति मिलना क्षेत्र के लिए उल्लेखनीय है।आवेदन, सर्वे और स्वीकृति की पूरी प्रक्रिया तय नियमों के अनुसार की गई। हितग्राहियों का चयन पारदर्शिता के साथ किया गया।इस कार्य में नगर परिषद अध्यक्ष गीता गुप्ता, उपाध्यक्ष डॉ. राजकुमार तिवारी और अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता के साथ-साथ परिषद के अधिकारियों की संयुक्त भूमिका रही। मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र सिंह, सब इंजीनियर अंजनी प्रजापति, अकाउंटेंट अनुज गुप्ता और अन्य कर्मचारियों ने योजना को समयबद्ध रूप से लागू करने में सहयोग किया। योजना से लाभान्वित हुए लोगों ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों से पक्के घर का सपना अब साकार हो रहा है। उन्होंने सरकार और नगर परिषद का आभार जताते हुए उम्मीद जताई कि आगे भी इसी तरह जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचेगा।

## बैठक में अनुपस्थित 5 अधिकारी कर्मचारियों को शोकाज नोटिस

**हरिभूमि न्यूज:कटनी।** नगर निगम कार्यालय में शुक्रवार को सीएम हेल्पलाईन, बाढ़ आपदा, ई-केवायसी एवं अन्य विषयों पर आयोजित महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने वाले व देर से आने वाले 5 अधिकारी कर्मचारियों को उपायुक्त शैलेश गुप्ता ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। श्री गुप्ता द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस में लेख किया गया है कि शुक्रवार को 11.00 बजे से नगर निगम कार्यालय के मेयर-इन-काउंसिल हॉल में बाढ़ आपदा, ई-केवायसी, सीएम हेल्पलाईन एवं अन्य विषयों पर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी, जिसकी सूचना सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को ग्रुप के माध्यम से प्रेषित कराई गई थी, बैठक की सूचना होने के बावजूद भी बैठक में अनुपस्थित रहने के कारण संबंधित अधिकारी कर्मचारी के कार्यक्षेत्र अंतर्गत ई-केवायसी की समीक्षा नहीं हो सकी। सभी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर 24 घंटे के अंदर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया है। समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने के कारण उपयंत्री पवन श्रीवास्तव, प्रभारी राजस्व उप निरीक्षक लवकुश तिवारी, समयपाल जलप्रदाय अशोक गर्ग एवं महेंद्र उपाध्याय को कारण बताओ नोटिस हुआ है। वहीं विलंब से बैठक में उपस्थित होने के कारण सहायक सामुदायिक विकास संगठक सनद विश्वकर्मा को भी शोकाज नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है।

## नौनिहालों की जान जोखिम में डाल जर्जर छत के नीचे चल रहा आंगनबाड़ी केंद्र, प्रशासन बेखबर

**अमलाई।**

**नगर परिषद बकहो के वार्ड क्रमांक 3 स्थित आंगनवाड़ी केंद्र की छत किसी भी दिन मौत का कारण बन सकती है, लेकिन जिम्मेदारों को फर्क नहीं पड़ता। भवन की छत पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है जगह-जगह से प्लास्टर उखड़ चुका है, सरिए बाहर दिख रहे हैं, और हर वक्त किसी बड़ी दुर्घटना का खतरा मंडरा रहा है।**

यह वही केंद्र है जहां छोटे-छोटे बच्चे शिक्षा और पोषण के लिए आते हैं। लेकिन इन मासूमों के सिर पर एक सुरक्षित छत तक नहीं है। यही नहीं, केंद्र में बिजली की भी कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे बच्चों और स्टाफ को अंधेरे में काम चलाना पड़ रहा है।

### तीन वर्षों से लगातार गुहार, लेकिन कोई सुनवाई नहीं



आंगनवाड़ी सहायिका संध्या सिंह ने बताया कि वह पिछले तीन वर्षों से लगातार इस भवन की मरम्मत के लिए आवेदन कर चुकी हैं। न सिर्फ स्थानीय स्तर पर, बल्कि नगर परिषद कार्यालय में भी कई बार मरम्मत की मांग रखी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

### विकास के नाम पर सिर्फ बोर्ड बदला गया, हालात नहीं

स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र के विकास के उद्देश्य से ग्राम पंचायत को नगर परिषद में बदला गया था। लोगों को उम्मीद थी कि अब विकास कार्यों में तेजी आएगी और बुनियादी सुविधाएं सुलभ होंगी। लेकिन विकास के नाम पर सिर्फ बोर्ड बदला गया, हालात नहीं। लोगो ने स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से सवाल किया है की क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? क्या मासूम बच्चों की सुरक्षा सिर्फ भाषणों तक सीमित रह गई है? स्थानीय निवासी और अभिभावकों की मांग है कि इस आंगनवाड़ी भवन की मरम्मत तत्काल करवाई जाए और बच्चों को एक सुरक्षित, स्वच्छ व रोशनीयुक्त वातावरण उपलब्ध कराया जाए।

## सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री ने किया राशि का अंतरण



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन जिले के ग्राम पंचायत नलवा में राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और गैस सिलेंडर रिफिलिंग योजना की अनुदान राशि का हितग्राहियों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया। इस कार्यक्रम को कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष सहित जिले के जनपद व नगरीय एवं ग्रामीण निकायों में देखने एवं सुनने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी।*

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगणों के साथ ही बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित थे। जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती राठौर, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी विनोद परस्ते, महिला एवं बाल विकास विभाग की सहायक संचालक श्रीमती मंजूषा शर्मा, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष मोहनलाल पटेल सहित लाडली बहनें एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राही उपस्थित थे। मुख्यमंत्री जी ने सिंगल क्लिक के माध्यम से अनूपपुर जिले के 01 लाख 26 हजार लाड़ली बहनों के खातों में तथा गैस सिलेण्डर रिफिलिंग योजना के लिए जिले के लाड़ली बहनों के खातों में एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत जिले के हितग्राहियों के खातों में राशि अंतरित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम से लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश के एक करोड़ 27 लाख बहनों के बैंक खातों में 1503 करोड़ 14 लाख की राशि, 56 लाख 74 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खातों में 340 करोड़ की राशि, 30 लाख से अधिक बहनों को उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर रिफलिंग की 46 करोड़ 34 लाख की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की।

## जिले में 25.5 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 25.5 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर में 14.2, कोतमा में 4, बिजुरी में 21.6, जैतहरी में 27, वेंकटनगर में 14 , पुष्पराजगढ़ में 42.4 , अमरकंटक में 34.4 तथा बेनीबारी में 46.4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई।

### घर में घुसा निजी स्कूल का बेकाबू बस, बड़ी अनहोनी टली

# गनीमत रही कि बस में सवार 30 से ज्यादा बच्चों को स्कूल में उतारने के बाद हुई घटना

**परिवार व आसपास के लोगों ने की बस चालक के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग**

**स्कूल प्रबंधन द्वारा बस चालक के खिलाफ कड़ी कार्यवाही के आश्वासन पर थमा हंगामा**

शनिवार की सुबह कोतमा नगर के वार्ड क्रमांक 2 रेलवे फाटक तिराहे के पास एक निजी विद्यालय के बस चालक द्वारा बेलगाम गति से बस चलाने के दौरान बेकाबू होकर घर में घुस गई। बस की टक्कर से घर की पट्टी, लोहे का शटर एवं छज्जे का हिस्सा क्षतिग्रस्त कर दिया। उक्त हादसे से मकान में रहने वाले कई महिला पुरुष सक्ते में आ गए। गनीमत रही कि घटना के 5 मिनिट पूर्व ही 30 से ज्यादा बस में सवार बच्चों को स्कूल में उतारकर बस वापस आई थी। हादसे वाले मकान में 15 से ज्यादा की संख्या में लोग उपस्थित थे। जिससे बड़ा हादसा होते होते बच गया।

हरिभूमि न्यूजअनूपपुर/कोतमा



सुबह 10 बजे के लगभग हुई घटना के बाद मकान मालिक राजकुमार जैन, अक्षय जैन शंभू जैन का परिवार व आसपास के लोग काफी आक्रोशित नजर आए बस चालक के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग को लेकर घंटों हंगामा होता रहा। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार बस चालक तेज एवं लापरवाही पूर्वक बस चलाने से दुर्घटना हुई है। अनियंत्रित गति से मोड़ते हुए दूसरों को भी दुर्घटना करते-करते बचाया। चूंकि यह मुख्य मार्ग है और लोगों का आवागमन बना रहता है। बस घर की दीवार एवं शटर से टकराई तो तेज धमाका हुआ। धमाका सुनकर घर के सदस्य एवं आसपास के लोगों की भीड़ जमा होकर चालक के खिलाफ कार्यवाही की मांग पर अड़े रहे। जानकारी अनुसार बस का कंप्रेशर कई दिनो से लीक था जिसके कारण ब्रेक फेल होने से दुर्घटना हुई। जिसमें चालक की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है। सूचना पर स्कूल प्रबंधन, पुलिस एवं अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए। प्रबंधन द्वारा घटना पर दुःख प्रकट करते हुए चालक के खिलाफ कार्यवाही का भरोसा दिलाया है। जिसके बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ।




### यातायात विभाग की निष्क्रियता से बढ़े हादसे

नागरिकों का आरोप है कि हाईवे यातायात चौकी टीम के द्वारा बरती जा रही लापरवाही एवं चेकिंग करते हुए मामूली जुर्माना लगाकर बस मालिकों को दिए जा रहे अभय दान के कारण चालक बेखौफ हो गए है। प्रशासन द्वारा बस की परमिट, फिटनेस, सुरक्षा यंत्र, मैकेनिक जांच सहित चालक की योग्यता नहीं परखी जाती जिस कारण आए दिन स्कूली बसों के द्वारा एक्जीडेंट कर लोगों की जान पर संकट बढ़ा रहे हैं। विदित रहे कि हाल में ही भालूमाड़ा थाना अंतर्गत कदम टोला के पास एक निजी विद्यालय की बस ने चार वर्षीय मासूम बच्ची को कुचलते हुए जीवन भर के लिए दिव्यांग बना दिया। मासूम का उपचार चल रहा है। उस मामले की जांच पूर्ण नहीं हो पाई थी कि शनिवार को हुई नई घटना ने लोगों के आक्रोश को बढ़ा दिया। बताया जा रहा है कि नगर में संचालित दो दर्जन के लगभग बड़े विद्यालयों में बिना परमिट, फिटनेस एवं कुशल चालक के बगैर ही वाहनों को दौडाया जाता है जिसके परिणाम स्वरूप आए दिन दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं।

### स्कूली वाहनों के चेकिंग के नाम पर खानापूर्ति

एक तरफ यातायात अनूपपुर द्वारा विशेष अभियान संचालित कर जिले के स्कूली वाहनों को चेक किया जा रहा है जिसमे मुख्य रूप से वाहन के आवश्यक दस्तावेज जैसे बीमा, परमिट, फिटनेस प्रदूषण सर्टिफिकेट, ड्राइवर का लाइसेंस के साथ वाहन में लगने वाले आवश्यक उपकरण जैसे अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स सी सी टी व्ही कैमरा, दरवाजे का लॉकिंग सिस्टम आदि देखे जा रहे हैं, तो दूसरी तरफ यातायात विभाग की चेकिंग के नाम पर खानापूर्ति की वजह से स्कूली वाहनों की दुर्घटनाएं भी बढ रही है। जिससे स्पष्ट है कि स्कूली वाहनों की व्यवस्थित तरीके से नियमानुसार चेकिंग मे लापरवाही बरती जा रही है, नही तो ऐसी घटनाओं की बार बार पुनरावृत्ति नही होती। यातायात पुलिस चेकिंग का कोरम पूरा कर सिर्फ अपनी पीठ थपथपा रही है।

# कल्याणिका केंद्रीय शिक्षा निकेतन में छात्र परिषद का पदभार ग्रहण समारोह संपन्न

विद्यार्थियों को सौंपा गया नेतृत्व

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** कल्याणिका केंद्रीय शिक्षा निकेतन पब्लिक स्कूल अमरकंटक में शनिवार को छात्र परिषद का पदभार ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के प्रबन्धन्यासी परम पूज्य हिमाद्रिमुनि महाराज, मुख्य अतिथि हरिद्वार सिंह, तथा विशिष्ट अतिथिगण डमरूधर अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, विनोद कार्गी एवं प्राचार्य कमलेश मिश्रा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्पण कर की गई। तदोपरांत विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की वरिष्ठ छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक नृत्य एवं प्रेरणादायक गीतों ने उपस्थितजनों को भावविभोर कर दिया। इन प्रस्तुतियों से अभिभूत होकर विशिष्ट अतिथि डमरूधर




अग्रवाल ने छात्राओं को 15,000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की, वहीं प्रबन्ध न्यासी हिमाद्रि मुनि महाराज द्वारा 21,000 की विशेष प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। इसके पश्चात विद्यालय छात्र परिषद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। प्रबन्धन्यासी हिमाद्रिमुनि महाराज एवं अतिथियों द्वारा चयनित विद्यार्थियों को बैज एवं पद पट्टियाँ पहनाकर उन्हें उनके नए दायित्वों के प्रति प्रेरित किया गया। मुख्य अतिथि हरिद्वार सिंह ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा नेतृत्व का पहला कदम सेवा है। विद्यालय जीवन में जो जिम्मेदारी मिली है, वह भविष्य की आधारशिला है। विद्यार्थी अनुशासन, समर्पण और परिश्रम से अपने कर्तव्यों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करें। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ जिसमें विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। उक्त गरिमामयी समारोह में मुख्य अतिथि हरिद्वार सिंह, विशिष्ट अतिथि डमरूधर अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, श्रुति अग्रवाल, स्वामी जगदीशानंद महाराज, स्वामी हरस्वरूप महाराज, स्वामी प्रणवमुनि, दिनेश केड़िया, विनोद कार्गी, सहित पत्रकार बंधु उमाशंकर पाण्डेय, श्रवण उपाध्याय, सोमू दुबे, प्राचार्य कमलेश मिश्रा, विद्यालय के शिक्षकगण एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही।

## पंच-ज अभियान के तहत जिले में रोपे जायेंगे कम से कम 10 हजार पौधे




**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** श्रीमती माया विश्वलाल, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदया जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अनूपपुर के निर्देशानुसार, म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा चलाये जा रहे ''पंच-ज'' अभियान के अंतर्गत ''विधिक सेवा, प्रकृति की रक्षा'' शीर्षक से एक राज्यव्यापी वृहद वृक्षारोपण विशेष अभियान का जिला अनूपपुर में आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 15 जुलाई से 15 सितम्बर तक चलाया जावेगा। जिस अनुक्रम में अनूपपुर जिले में कम से कम 10,000 हजार पौधों का रोपण किया जायेगा। इस वृहद वृक्षारोपण विशेष अभियान का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष श्रीमती माया विश्वलाल के द्वारा जिला न्यायालय परिसर अनूपपुर में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण कर किया गया। इस अवसर पर मनोज कुमार लढ़िया प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, शनरेन्द्र पटेल द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, विक्रम सिंह जिला न्यायाधीश, पवन कुमार शंखवार जिला न्यायाधीश, श्रीमती चैनवती ताराम मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, विनोद कुमार वर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अरविन्द कुमार बरला न्यायिक दण्डाधिकारी, अमनदीप सिंह छाबड़ा न्यायिक दण्डाधिकारी, बॉबी सोनकर न्यायिक दण्डाधिकारी, सुश्री सुधा पाण्डेय न्यायिक दण्डाधिकारी, सुनील कुमार खरे न्यायिक दण्डाधिकारी, निखिल सिंघई न्यायिक दण्डाधिकारी, सुश्री सृष्टि साहू न्यायिक दण्डाधिकारी, बृजेश पटैल जिला विधिक सहायता अधिकारी, अधिवक्ता बार संघ के अधिवक्तागण, पैरालीगल वालेंटियर दीपक रौतेल एवं न्यायालयीन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मजदूर कांग्रेस व सहायक मंडल अभियंता के साथ हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा पेन्ड्रारोड़ द्वारा अपने पंचशील कार्यक्रम के तहत रेलवे कालोनी में शाखा के अंतर्गत छुलहा जैतहरी से खोंगसरा तक रोड़ साइड स्टेशन व रेलवे कार्यालय, कालोनी पदयात्रा, रेल कर्मचारी जनसंपर्क कर रेल कर्मचारियों के समस्याओं को प्राप्त कर रेल प्रशासन से चर्चा करके निराकरण करती है। मजदूर कांग्रेस शाखा पेन्ड्रारोड़ के शाखा सचिव एन हेमंत कुमार ने बताया कि विगत दिनों पदयात्रा व रेल कर्मचारी जनसंपर्क यात्रा के दौरान रेलवे कर्मचारियों से प्राप्त समस्याओं को लेकर लिखित ऐजेंडा दिनांक 25 अप्रैल 2025 को सहायक मंडल अभियंता पेन्डारोड़ को दिया गया था। मजदूर कांग्रेस लिखित ऐजेंडा पर दिनांक 11 जुलाई 2025 को स्पेशल इन्फारमल मीटिंग हुई इस मीटिंग में रेल प्रशासन की ओर से सहायक मंडल अभियंता पेन्डारोड़ मृत्युंजय कुमार मोहन, सीनियर सेक्शन इंजीनियर (रेल पथ) इंचार्ज हरिओम सोनवार, सीनियर सेक्शन इंजीनियर (कार्य) अबोध कुमार, रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर की ओर से जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव, शाखा सचिव पेन्ड्रारोड़ एन हेमंत कुमार, शाखा पदाधिकारी इरसाद अहमद, यु



. प्रभाकर राव, वीर सिंह मीणा शामिल हुए स्पेशल इन्फारमल मीटिंग में कुल 09 ऐजेंडा पर पर चर्चा कर निराकरण पर कार्यवाही हुए जिनमें प्रमुख हैं सीनियर सेक्शन इंजीनियर रेल पथ पेन्ड्रारोड़ व खोंगसरा में चाबीदार के कार्यक्षेत्र बीट की लम्बाई में एकरुपता लाई जायेगी, की-मेन की बीट की लम्बाई कम होगा, ट्रैक मेंटेनर को चार्टशीट की अधिकता को कम किया जाएगा। उन्हें कर्तव्य के प्रति काउंसिल किया जाएगा, खाली पदों को भरा जाने की मांग मंडल प्रशासन को भेजी जाएगी, भनवारटंक स्टेशन में कर्मचारी मोटरसाइकिल स्टेशन एवं स्टेशन पहुंच मार्ग को विशेष बजट से सी सी सड़क बनाई जाएगी, रनिंग कर्मचारियों के लिए मोटर साइकिल स्टैंड बनाने पर सहमति जताई, अमृत स्टेशन में तोड़े गए चिल्ड्रन पार्क व बैडमिंटन कोर्ट का सर्वे कर नया बनाया जाएगा। कालोनी व कार्यालय में स्तिथ खतरनाक पेड़ों की छंटाई की जाएगी, मंडल पीएनएम बैठक के निर्णय के अनुसार सभी रेलवे कार्यालय में सर्वे कर महिला टायलेट बनाया जाएगा, जोनल वर्क के पूर्व मान्यता प्राप्त यूनियन मजदूर कांग्रेस के साथ संयुक्त सर्वे कर कार्य प्रथमिकता तयकर विकास व सुधार के कार्य होंगे। टीआरडी विभाग के कर्मचारियों के आईओडब्लू पेन्ड्रारोड़ के सामने मोटरसाइकिल स्टेण्ड बनेगा।

**प्रशासन की लापरवाही पर उठते गंभीर सवाल**

## अमरकंटक में एक वर्ष में डूबकर दो युवाओं की मौत

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

पवित्र नर्मदा नदी के उद्गम स्थल अमरकंटक, जो श्रद्धा और भक्ति का प्रमुख केंद्र माना जाता है, अब प्रशासन की लापरवाही के चलते हादसों का केंद्र बनता जा रहा है। बीते एक वर्ष में रामघाट और पुष्कर डेम क्षेत्र में डूबने से दो युवाओं की दर्दनाक मौत हो चुकी है, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल व्याप्त है। गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अमरकंटक के शांति कुटी में रहने वाले शिष्य राज भदौरिया की रामघाट में डूबने से मृत्यु हो गई। हादसा उस समय हुआ जब वे दोपहर को अपने भाई के साथ स्नान करने घाट पर गए थे। तैरते-तैरते वे बीच में फव्वारे के पास पहुंचे, जहां उनका पैर फंस गया। गहराई और सुरक्षा उपायों की कमी के चलते उन्हें बचाया नहीं जा सका। इस घटना ने श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति से भरे वातावरण को गमगीन कर दिया। यह घटना कोई पहली नहीं थी। इससे पूर्व, इसी वर्ष 29 जनवरी को अनूपपुर निवासी 21 वर्षीय विकास विश्वकर्मा की भी रामघाट में डूबने से मौत हो गई थी। दोनों ही मामलों में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नदारद थे।



### सुरक्षा व्यवस्था का अभाव

घाटों पर कोई चेतावनी पट्टिकाएं नहीं लगी हैं। प्रशिक्षित गोताखोरों की तैनाती नहीं की गई है। सीढ़ियों पर न तो रेलिंग है और न ही पानी में कोई जंजीर या अन्य सुरक्षा उपकरण। कई घाटों पर सीढ़ियों पर शैवाल और काई जमा होने से फिसलन की स्थिति बन जाती है, जिससे महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग असंतुलित होकर गहरे पानी में गिर जाते हैं। कोटितीर्थ कुंड, उत्तर तट, दक्षिण तट जैसे प्रमुख स्नान स्थलों पर भी यही स्थिति बनी हुई है। वर्षों से श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों द्वारा लगातार शिकायतें की जाती रही हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

### श्रद्धालुओं में बढ़ती नाराजगी

स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं का कहना है कि अमरकंटक जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल पर सुरक्षा इंतजामों की उपेक्षा प्रशासन की गंभीर भूल है। हर वर्ष लाखों श्रद्धालु यहां आते हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा के लिए कोई स्पष्ट नीति या कार्ययोजना नहीं बनाई गई है। लोगों का सवाल है कि आखिर कब तक ऐसी घटनाएं होती रहेंगी और कितनी और जानें जाने के बाद प्रशासन जागेगा।

### तत्काल आवश्यकता

सभी प्रमुख घाटों पर चेतावनी बोर्ड लगाना। प्रशिक्षित गोताखोरों की तैनाती सुनिश्चित करना। सीढ़ियों की मरम्मत और सफाई की नियमित व्यवस्था। रेलिंग और जंजीरों जैसी आधारभूत सुरक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराना। स्नान के लिए सुरक्षित क्षेत्र निर्धारित कर अन्य स्थानों पर तैराकी और कूदने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना। अगर जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए तो अमरकंटक की गरिमा और श्रद्धालुओं की आस्था प्रशासन की लापरवाही के कारण गहरे संकट में पड़ सकती है। श्रद्धा को सुरक्षा का सहारा चाहिए, लापरवाही कतई नहीं चलेगा।